an>

Title: Need to provide a special package for removal of boulders from the riverbed of Geruwa and Ghagra rivers causing flooding of the adjoining areas in Bahraich Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

**साध्वी सावित्री बाई फूले (बहराइच) :** उपाध्यक्ष जी, मेरा संसदीय क्षेत्र बहराइच भारत व नेपाल की सीमा से सटा हुआ चार नदियों से घिरा हुआ जंगल से प्रभावित तराई क्षेत्र है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़े वर्ग के लोग यहां निवास करते हैं। जनपद बहराइच के ननपारा तहसील विकास खण्ड मिहीपुरवा कतरनिया घाट के अंतर्गत नेपाल राष्ट्र से निकली गेरुआ नदी भारत की घाघरा नदी में विलीन हो जाती है। गेरुआ नदी के पानी के बहाव में बरसात के मौसम में पहाड़ों से पत्थर बह करके नदी में आकर पट जाते हैं। पटने के कारण बाढ़ का पानी नदी की गहराई न होने के कारण क्षेत्र में फैल जाता है। इसकी वजह से हजारों लोगों को जानमाल का खतरा हो जाता है तथा लाखों एकड़ फसल पानी से नष्ट हो जाती है। यदि नदी में पटे पत्थरों को नदी से बाहर निकाल दिया जाए तो बाढ़ से प्रभावित जान-माल व फसल नष्ट होने से बच सकते हैं।

ऐसी स्थिति में भारत सरकार से अनुरोध है कि पत्थर निकालने हेतु विशेष पैकेज जनपद बहराइच को देकर पत्थर निकालने का कष्ट किया जाए।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Daddan Mishra is permitted to associate with the issue raised by Sadhvi Savitri Bai Phule.